आकाशवाणी चंडीगढ़

26 दिसंबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरुओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है।
- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया।
- हरियाणा में आज वीर बाल दिवस व्यापक स्तर पर मनाया गया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा छठी पातशाही में शीश निवाया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा दिए गए बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीर बाल दिवस पर असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

*******************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरुओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है।

आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह बहुत छोटे थे मगर उनका साहस आकाश से भी ऊंचा था।

उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि कोई भी परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो देश और उसके हितों से बड़ी नहीं हो सकती। श्री मोदी ने कहा कि इतिहास में और वर्तमान में भी युवा ऊर्जा ने भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका अदा की है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है।

********************************************************

हरियाणा में आज वीर बाल दिवस व्यापक स्तर पर मनाया गया । प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर गुरु गोबिन्द सिंह जी के वीर बालकों को याद किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली और थानेसर से पूर्व विधायक सुभाष सुधा ने गुरुद्वारा छठी पातशाही में शीश निवाया और कीर्तन सुना ।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, हरियाणा सिख गुरद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान भूपेन्द्र सिंह असंध और धर्म प्रचारक बलजीत सिंह दादूवाल  भी गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक हुए।

पानीपत, पंचकूला, अंबाला, करनाल सहित विभिन्न  जिलों में भी में साहिबजादों की याद में सभी गुरुद्वारों व सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों और कीर्तन का आयोजन किया गया।

आज प्रदेश भर में अटूट लंगर भी लगाए गए।

****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ‘वीर बाल दिवस’ के अवसर पर लोगों से गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा दिए गए बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को साहिबजादों की तरह साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व सिखाएं और उनके जीवन में इन मूल्यों को शामिल करें।

मुख्यमंत्री ने सभी धर्म गुरुओं और सभी सामाजिक संस्थाओं से युवा शक्ति को बचाने के लिए नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर जन आंदोलन  चलाने का आग्रह  भी किया।

दोनों वीर साहिबज़ादों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा

ज़ोरावर सिंह और बाबा फ़तेह सिंह का अद्‌वितीय बलिदान हमें राष्ट्रहित में बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए प्रेरित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में विभिन्न मार्गों और संस्थानों का नाम गुरुओं के नाम पर रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी गुरुओं और साहिबजादों की शहादत का बदला लेने वाले महान वीर बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी को भी नमन किया। कार्यक्रम को हरियाणा बी जे पी के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी संबोधित किया। समारोह में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा और सिख समुदाय के कई प्रमुख नेता भी मौजूद रहे ।

*******************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इन बच्चों को कला-संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्‌योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान और साहस का सम्मान करने करने का दिन है।राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के सभी नागरिकों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और अवसर प्रदान करना देश की परंपरा का हिस्सा रहा है।

..............................................................................

वीर बाल दिवस पर आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लोक सम्पर्क विभाग द्वारा गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की अद्वितीय शहादत की याद में एक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें गुरु गोबिद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान और सिख इतिहास को दर्शाया गया।

लोगों विशेष कर सिख श्रद्धालुओं ने बड़ी सख्या में विश्वविद्यालय पहुँच कर इस प्रदर्शनी को देखा।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आज के युवाओं को सिख इतिहास व साहिबजादों की कुर्बानी से अवगत करवाना था ।

*******************************************************

पंचकूला के सेक्टर 30 में श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फाइव स्टार ट्रेवल एन्ड मनी के सहयोग से चार साहिबजादों व माता गुजरी देवी की शहादत को समर्पित रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त दान किया गया। इस अवसर पर अटूट लंगर भी लगाया गया।

*******************************************************

दिल्ली बठिंडा रेलवे लाइन पर जींद और जुलाना से होकर गुजरने वाली दर्जनों गाड़ियां आज से 15 जनवरी के बीच में रद्द रहेंगी।

यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वह यात्रा पर निकलने से पहले गाड़ियों की जानकारी अवश्य लें।

*******************************************************